C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 295 | बिजौलिया - शनिवार, 02 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## एलपीजी सिलेंडर महंगा, कॉमर्शियल गैस में 993 रुपए की भारी बढ़ोतरी

### 19 किलो सिलेंडर 3099 रुपए पहुंचा, 5 किलो FTL सिलेंडर भी 241 रुपए महंगा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

अंतरराष्ट्रीय हालातों के असर के बीच देश में एलपीजी गैस की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तेल कंपनियों ने गुरुवार रात रेट रिव्यू के बाद कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी करते हुए आम उपभोक्ताओं और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है।




नई दरों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 993 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। राजस्थान में यह सिलेंडर अब 2106 रुपए के बजाय 3099 रुपए में मिलेगा। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि कंपनियों द्वारा जारी नई रेट लिस्ट के अनुसार यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

वहीं छोटे उपभोक्ताओं, मजदूरों और प्रवासी वर्ग के उपयोग में आने वाले 5 किलोग्राम के स्वरुसिलेंडर की कीमतों में भी 241 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। पहले यह सिलेंडर 592 से 616 रुपए के बीच मिलता था, जो अब बढ़कर 833 से 857 रुपए तक पहुंच गया है।

हालांकि राहत की बात यह है कि घरेलू उपयोग के 14.2 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह सिलेंडर अभी भी 916.50 रुपए में ही उपलब्ध रहेगा।

गौरतलब है कि इस वर्ष के दौरान कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष की शुरुआत में यह सिलेंडर 1669 रुपए में उपलब्ध था, जो अब बढ़कर 3099 रुपए तक पहुंच गया है। जनवरी से अप्रैल के बीच भी कंपनियों ने चरणबद्ध तरीके से कीमतों में बढ़ोतरी की थी, जिससे कुल वृद्धि 1490 रुपए तक पहुंच चुकी है।

## प्रताड़ना से परेशान महिला ने जहर खाकर दी जान, परिजनों ने गांव के युवक पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत।** जिले के आसींद थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक के साथ आक्रोश का माहौल है, वहीं परिजनों ने पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

परिजनों ने एक युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह पिछले कई दिनों से महिला को फोन पर परेशान कर रहा था। आरोप है कि युवक कथित रूप से आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था, जिससे परेशान होकर महिला ने यह कदम उठाया।

जहर सेवन के बाद परिजन महिला को उपचार के लिए पहले स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। परिवार में पहले ही पति की मृत्यु हो चुकी थी, ऐसे में महिला के निधन के बाद बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

घटना के बाद परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है और आरोप लगाया है कि पूर्व में भी संबंधित मामले में कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बढ़े हुए हैं।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

## किसानों को खेत तक रास्ता देगी सरकार, कलेक्टरों को जमीन आवंटन के निर्देश

### 20 फीट चौड़ाई में मिलेगी मार्ग भूमि, डीएलसी की दोगुनी दर पर होगा आवंटन

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान सरकार ने किसानों को उनकी कृषि भूमि तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इसके तहत राज्य सरकार अब ऐसे किसानों को रास्ते के लिए सरकारी जमीन आवंटित करेगी, जिनकी भूमि तक पहुंच का कोई सीधा मार्ग नहीं है। इस संबंध में राजस्व विभाग ने 29 अप्रैल को आदेश जारी कर सभी जिला कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।



जारी आदेशों के अनुसार, जिन किसानों की कृषि भूमि के पास सरकारी जमीन होने के कारण रास्ता उपलब्ध नहीं है, उन्हें उसी सरकारी भूमि में से मार्ग के लिए जमीन आवंटित की जाएगी। इससे किसानों को अपनी जमीन तक सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी और वे खेती का समुचित उपयोग कर पाएंगे।

सरकार द्वारा यह जमीन 20 फीट चौड़ाई की पट्टी के रूप में दी जाएगी, जिसका उपयोग केवल रास्ते के रूप में ही किया जा सकेगा। इस जमीन पर किसी प्रकार का निर्माण या अन्य उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

आदेशों के मुताबिक, जमीन का आवंटन कृषि डीएलसी (डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी) की निर्धारित दर से दोगुनी कीमत पर किया जाएगा।

सरकार के इस निर्णय से उन किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, जिनकी जमीन तक पहुंच नहीं होने के कारण खेती प्रभावित होती थी। वहीं शहरी क्षेत्रों में जमीन आवंटन की प्रक्रिया पहले की तरह संबंधित नगरीय निकायों द्वारा आरक्षित दरों पर ही की जाती रहेगी।

## सोशल मीडिया पर हथियारों की नुमाइश करने वालों पर शिकंजा, 4 गिरफ्तार, 1 महिला पाबंद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो-वीडियो डालकर दहशत फैलाने और आपराधिक छवि बनाने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सोशल मीडिया सेल द्वारा लगातार मॉनिटरिंग के दौरान ऐसे कई अकाउंट चिन्हित किए गए, जिन पर हथियारों के साथ रील और वीडियो अपलोड कर अपराध का महिमामंडन किया जा रहा था।

पुलिस जांच में सामने आया कि ये लोग लोकप्रसिद्धि और हवाबाजी के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर आपराधिक गीतों के साथ हथियारों का प्रदर्शन करते थे। कई मामलों में नकली हथियारों को असली बताकर दिखाया जाता था, वहीं कुछ आरोपी लाइसेंसधारी व्यक्तियों से हथियार लेकर उनके साथ फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करते थे। इस तरह की गतिविधियों से आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था तथा युवा वर्ग भी गलत दिशा में प्रभावित हो रहा था। इसी क्रम में पुलिस थाना आसींद, करेडा, रायला और सुभाषनगर द्वारा कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि बडलियास थाना क्षेत्र में एक महिला को पाबंद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कैलाश गुर्जर (सांगनी, थाना आसींद), सुरेश गुर्जर (सरेड़ी, थाना करेडा), गोपाल गुर्जर (कुवाड़ा, थाना सुभाषनगर) और मांगीलाल गुर्जर (जसोरिया, थाना रायला) शामिल हैं।

## श्रमिक की मौत के बाद हंगामा, फैक्ट्री में शव रखकर प्रदर्शन; मुआवजे पर बनी सहमति

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत ।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित रीको फेज-4 की अमृत स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में कार्यरत एक श्रमिक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान घनश्याम वैष्णव के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह घनश्याम वैष्णव को पेट दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद वह घर जाने के लिए फैक्ट्री से निकले, लेकिन रास्ते में ही उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन एवं परिचित आक्रोशित हो उठे और शव को फैक्ट्री परिसर में रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने फैक्ट्री के बाहर टायर जलाकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और मृतक के परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग उठाई।

सूचना पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। काफी देर तक चली वार्ता और समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी मुआवजे की राशि पर सहमत हो गए, जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

श्रमिक नेता बबलू ढूंमियां ने आरोप लगाया कि घटना के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि मजदूर दिवस के दिन ऐसी घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही उन्होंने फैक्ट्री में श्रमिकों के पीएफ एवं ईएसआई नहीं काटे जाने का भी आरोप लगाया और मृतक को न्याय दिलाने की मांग की।

## 30 साल बाद डकैती का आरोपी गिरफ्तार, साइबर सेल की मदद से कारोई पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 1996 में बस लूटकांड का वांछित था आरोपी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के कारोई थाना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से 30 साल से फरार चल रहे डकैती के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी वर्ष 1996 में यात्री बस में सवार लोगों से डकैती के मामले में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था।

कारोई थानाधिकारी महावीर प्रसाद एवं जिला साइबर सेल की टीम ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया की, आरोपी नौषाद शेख (52) निवासी बेगमगंज, थाना राधानगर, जिला साहिबगंज (झारखंड) को गिरफ्तार किया गया है। वह थाना कारोई में दर्ज मामले के तहत वांछित था। साथ ही एसीजेएम कोर्ट गंगापुर के मामले में स्थायी वारंटी भी था। आरोपी को धारा 299 जाफो के तहत उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

गौरतलब है कि इस मामले में पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि नौषाद शेख करीब 30 वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता, रूट चार्ट और लगातार दबिश देकर आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई।

इस कार्रवाई में साइबर सेल के आशीष कुमार, विष्णु सिंह, पिंटू कुमार और हेमंत सिंह सहित बनवारी लाल की विशेष भूमिका रही।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर अन्य मामलों की जानकारी जुटाने में लगी है।

## रेलवे ट्रैक पर लेटकर युवक ने दी जान,सिर धड़ से हुआ अलग,मचा हड़कंप

### खाना खाने के बाद घूमने की बात कहकर घर से निकला था युवक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत ।** शहर में एक दर्दनाक घटना सामने आई, यहां एक युवक ने ट्रेन के आगे रेलवे ट्रैक पर लेटकर आत्महत्या कर ली। घटना होटल रेडियंस के सामने भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ रेलमार्ग स्थित ओवरब्रिज के पास की है। ट्रैक पर शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।



प्रतापनगर थाने के एएसआई प्रमोद कुमार के अनुसार मृतक की पहचान शुक्रवार सुबह पारोली थाना क्षेत्र के बिशनिया हाल शिवमंदिर के पास कावांखेड़ा निवासी राहुल बैरवा के रूप में हुई। युवक अपने पिता रामस्वरूप बैरवा के साथ रहकर पत्थर से मूर्तियां बनाने का काम करता था और मूर्तिकार था।

पुलिस के अनुसार गुरुवार शुक्रवार की मध्यरात्रि करीब सवा एक बजे युवक के ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव की हालत बेहद भयावह थी। युवक का सिर धड़ से अलग मिला, जबकि धड़ दोनों पटरियों के बीच पड़ा हुआ था। शुरुआती जांच में सामने आया कि युवक रेलवे ट्रैक पर लेट गया था, जिससे ट्रेन गुजरने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

रात में पहचान नहीं हो पाने के कारण शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

शुक्रवार सुबह परिजनों ने शव की पहचान की। पिता ने पुलिस को बताया कि राहुल कल रात में खाना खाने के बाद घूमने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच जारी है।

C M Y K

# बर्थडे सेलिब्रेशन बना मातमः ट्रैवलर-ट्रेलर भिड़ंत में बिजनेसमैन की मौत, 12 से अधिक घायल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**मूलचन्द पेसवानी**


खुशियों से भरा एक जन्मदिन समारोह कुछ ही पलों में मातम में बदल गया। अजमेर के एक बिजनेसमैन की गुरुवार रात सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके 12 से अधिक दोस्त घायल हो गए। हादसा चित्तौड़गढ़-अजमेर नेशनल हाईवे पर हमीरगढ़ थाना क्षेत्र के स्वरूपगंज के पास रात करीब 8:30 बजे हुआ, जब एक टेम्पो ट्रैवलर आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अजमेर निवासी 61 वर्षीय जयप्रकाश वरलानी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को उनका जन्मदिन था और वे अपने करीब 20-25 दोस्तों के साथ चित्तौड़गढ़ जिले में सांवलिया सेठ मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे। इस दौरान ट्रैवलर में सवार सभी लोग गाने गाते और डांस करते हुए सफर का आनंद ले रहे थे।

घटना में घायल अजमेर के पार्षद रमेश चेलानी ने बताया कि वे सुबह करीब 9 बजे अजमेर से रवाना हुए थे और रास्ते में आवरी माता मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद सभी ने सांवलिया सेठ मंदिर में पूजा-अर्चना कर भोजन किया और शाम करीब 6 बजे अजमेर के लिए लौटे। सफर के दौरान सभी दोस्त बेहद खुश थे और गाने-बजाने के साथ जन्मदिन का जश्न मना रहे थे।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे से कुछ मिनट पहले ट्रैवलर में फिल्मी गीत 'जिंदगी एक सफर है सुहाना, यहां कल क्या हो किसने जाना' बज रहा था और सभी यात्री उसी पर झूम रहे थे। इसी बीच अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैवलर आगे चल रहे ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा टकराई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक ने ट्रेलर को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिसके दौरान यह हादसा हुआ।



हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया। घायलों में प्रकाश वरलानी, ललित वरलानी और सुभाष अग्रवाल की हालत गंभीर बताई गई, जिन्हें भर्ती कर उपचार किया जा रहा है, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

हमीरगढ़ थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भीलवाड़ा जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर घायलों के समुचित इलाज और मृतक के शव को अजमेर पहुंचाने की व्यवस्था के निर्देश दिए।

यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की ओर इशारा करता है, जिसने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और जश्न को गहरे शोक में बदल दिया।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासाः चांदी के कड़े लूटने के लिए बुजुर्ग महिला की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

करेडा थाना क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या उसके पैरों में पहने चांदी के कड़े लूटने के उद्देश्य से की थी।

पुलिस ने करेडा थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मामले की जांच की गई।

पुलिस ने बताया की बीती 18 अप्रैल को शिवपुर निवासी अशोक कुमार प्रजापत ने रिपोर्ट दी थी कि उसकी दादी ऐजी देवी (80) खेत पर बने कमरे के बाहर मृत अवस्था में पड़ी मिलीं। उनके मुंह पर खून लगा हुआ था और सोने के कानों के टॉप्स व पैरों में पहनी चांदी की कड़ियां गायब थीं। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घटना स्थल सुनसान क्षेत्र में होने के कारण पुलिस ने एफएसएल और एमओबी टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए तथा लगातार फील्ड में रहकर तकनीकी और जमीनी स्तर पर सूचनाएं एकत्रित कीं। पूर्व में अपराधी रहे संदिग्धों से पूछताछ और सूचनाओं के विश्लेषण के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी भगवान सिंह और रमेश भील सहित सहयोगी महावीर सिंह को दस्तयाब कर वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, जिसमें उन्होंने वारदात करना स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मृतका से लूटी गई चांदी की कड़ियों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। पुलिस टीम में करेडा थाना के अधिकारियों व जवानों सहित साइबर सेल और एमआईयू टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने बताया की आरोपियों ने लूट के इरादे से वारदात को अंजाम दिया था। मामले में आगे की जांच जारी है।

# मजदूर दिवस पर 668 यूनिट रक्तदान, नेत्र जांच व ई-श्रम कार्ड भी बने

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भीलवाड़ा मजदूर संघ (टेक्सटाइल लेबर) द्वारा रीको फोर्थ फेज में शुक्रवार को आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में श्रमिकों का उत्साह देखते ही बना। भीषण गर्मी के बावजूद दिनभर चले शिविर में रक्तदान करने वालों की कतारें लगी रहीं और शाम 7 बजे तक कुल 668 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।



शिविर का शुभारंभ संकटमोचन हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर बाबूगिरीजी महाराज ने राम दरबार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। सुबह 9:15 बजे शुरू हुए इस शिविर में शुरुआत से ही रक्तदाताओं का उत्साह देखने को मिला, जो देर शाम तक जारी रहा। युवा से लेकर 55-60 वर्ष तक के श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्तदाताओं की सुविधा के लिए दो दर्जन से अधिक बेड और हर बेड पर कूलर की व्यवस्था की गई थी।

शिविर में महात्मा गांधी चिकित्सालय, रामस्नेही चिकित्सालय, अरिहंत चिकित्सालय, भीलवाड़ा ब्लड बैंक और पोरवाल ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त संग्रह किया। इस दौरान कई विशिष्ट अतिथि भी पहुंचे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों का स्वागत मजदूर संघ के अध्यक्ष पन्नालाल चौधरी व पदाधिकारियों ने किया।

शिविर की खास बात यह रही कि यहां नियमित रक्तदाता भी शामिल हुए। मोहन चौधरी ने 22वीं बार रक्तदान किया, वहीं धमेंद्र प्रजापत जैसे युवाओं और पूजा माली जैसी महिला रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान कर प्रेरणा दी।

रक्तदान शिविर के साथ ही नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें रामस्नेही चिकित्सालय की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतिष्ठा छीपा और उनकी टीम ने जांच कर परामर्श दिया। वहीं श्रम विभाग की टीम ने मौके पर ही श्रमिकों के ई-श्रमिक कार्ड बनाने का कार्य भी किया।

शिविर को सफल बनाने में मजदूर संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महिला से मारपीट व अभद्रता का मामला, 5 आरोपियों पर केस दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ मारपीट, अभद्रता और जातिसूचक टिप्पणी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार वह सुबह अपने कार्य में व्यस्त थी, तभी कुछ लोग लाठियां लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि दो आरोपी जबरन अंदर घुस आए और महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे बाहर खींच लाए।

महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, कपड़े खींचकर बेइज्जती करने का प्रयास किया तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। इस दौरान सामान में तोड़फोड़ भी की गई।

बीच-बचाव करने आई एक अन्य महिला के साथ भी मारपीट की गई। जाते समय आरोपियों ने पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू की है।

# शाहपुरा में छात्र पिटाई मामला तूल पकड़ा, सीबीईओ की भूमिका पर उठे सवाल

## अस्पताल में हंगामा, स्कूल मान्यता पर फैसला बना विवाद

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

**(मूलचंद पेसवानी)।** नगर स्थित रामशाला भवन में संचालित एक संस्कृत विद्यालय में 10वीं कक्षा के छात्र के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आने के बाद विवाद गहरा गया है। घटना में छात्र की आंख में चोट आई, जिसे पहले शाहपुरा जिला अस्पताल और बाद में भीलवाड़ा रेफर किया गया। हालांकि निजी अस्पताल में जांच के बाद कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई।

जानकारी के अनुसार छात्र को एक शिक्षक द्वारा डंडे से पीटने का आरोप है, जिससे उसकी आंख में चोट आई और खून निकलने लगा। स्कूल प्रिंसिपल परमेश्वर जांगिड़ ने तत्काल अभिभावकों को सूचना देकर छात्र को अस्पताल पहुंचाया।

घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और स्कूल प्रबंधन व शिक्षा विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष रमेश सेन भी मौके पर पहुंचे और मामले को लेकर गंभीर आरोप लगाए।

इसी बीच ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी गीता माहेश्वरी ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यालय की मान्यता रद्द करने की अनुशंसा जिला शिक्षा अधिकारी को भेज दी। हालांकि इस निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि संस्कृत विद्यालयों की मान्यता का अधिकार अजमेर स्थित संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी के पास होता है।



शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर इस प्रकार की अनुशंसा अधिकार क्षेत्र से बाहर है। बताया जा रहा है कि संबंधित विद्यालय शाला दर्पण पोर्टल पर सीमित उद्देश्य के लिए पंजीकृत है, पूर्ण मान्यता के तहत नहीं।

बाद में गीता माहेश्वरी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने यह कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी अरुणा गारू के निर्देश पर की है। साथ ही घटना की सूचना मिलने के बाद उनके देरी से पहुंचने को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी गई।

घटना के बाद शाहपुरा थाने में पीड़ित छात्र के पिता की रिपोर्ट पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस घटनाक्रम ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली, अधिकार क्षेत्र और स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# श्रमिक दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां ।

**मानव तिवाड़ी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार शुक्रवार को नगर स्थित महाराणा प्रताप सर्किल के पास विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन पीएलवी रामबाबू माथुर द्वारा एक्शन प्लान के तहत किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में 8 घंटे कार्य का अधिकार, समय पर मासिक वेतन प्राप्त करना, ई-श्रमिक कार्ड बनवाने की प्रक्रिया तथा नालसा 2015 की योजना के तहत असंगठित श्रमिकों को मिलने वाले अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बलवंत बंजारा, अर्जुन बंजारा, शंभुलाल धाकड़, रमेश बंजारा, रामचंद्र बंजारा, महेंद्र बंजारा, मुकेश बंजारा, रामलाल मीणा, प्रताप बंजारा, मनोहर बंजारा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भामाशाहों की सराहनीय पहल, विद्यालय को भेंट किए पंखे

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई, जहां भामाशाह चंद्रशेखर सनाढ्य एवं मुकेश कुमार तेली ने वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय को 4 छत के पंखे भेंट किए।

विद्यालय प्रशासन एवं छात्राओं ने इस सहयोग के लिए दोनों भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में इन पंखों से छात्राओं को राहत मिलेगी और अध्ययन का वातावरण बेहतर बनेगा।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं स्थानीय लोगों ने भामाशाहों के इस योगदान की सराहना की।



QUICK BITES

## शाहपुरा की बेटी डॉ. अर्चना कांटिया को मिला उत्कृष्ट शैक्षणिक सम्मान

**29 शोध पत्र और पेटेंट के साथ बढ़ाया शहर का गौरव**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



मूलचन्द पेसवानी

शाहपुरा की प्रतिभाशाली बेटी एवं मुंबई यूनिवर्सिटी के वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना कांटिया नारानिया को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 'उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन' का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह सम्मान वर्षांत बैठक के दौरान उन्हें दिया गया, जिसमें उनके उल्लेखनीय शैक्षणिक योगदान की सराहना की गई।

इस अवसर पर डॉ. अर्चना कांटिया द्वारा लिखित तथा डॉ. शशिकला प्रजापति के सह-लेखन में तैयार पर्यावरण अध्ययन (म्टै) की नई पाठ्यपुस्तक का भी विधिवत विमोचन किया गया। इस पुस्तक का अनावरण प्राचार्य प्रो. विजय डी. मेंढुलकर द्वारा किया गया। यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण विषय की समझ को सरल और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

डॉ. अर्चना कांटिया का शैक्षणिक सफर अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। अब तक वे 29 शोध पत्र प्रकाशित कर चुकी हैं और हाल ही में एक पेटेंट भी दायर किया है, जो उनके शोध कार्य की गंभीरता और नवाचार को दर्शाता है। वे वनस्पति अनुसंधान और सतत विकास के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से पीएचडी करने के बाद डॉ. अर्चना ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और मुंबई विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दी हैं। उनके इस उत्कृष्ट कार्य से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा शाहपुरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## रोडवेज बस से उतर भाग रहा तस्कर पकड़ा, 2 किलो से अधिक अफीम बरामद

**रायला थाना पुलिस की नाकाबंदी में कार्रवाई, पैरों में बांधकर छिपा रखी थी अफीम**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

रायला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 66 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी रोडवेज बस से उतरकर भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया।

पुलिस ने थानाधिकारी मुलचंद वर्मा के नेतृत्व में 30 अप्रैल को रायला के सामने भीलवाड़ा-गुलाबपुरा मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहन जांच शुरू की थी।

इस दौरान भरतपुर डिपो की एक राजस्थान रोडवेज बस को रुकवाकर जांच की जा रही थी। तभी बस से एक व्यक्ति उतरकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम किशन (32) पुत्र लक्ष्मण बैरवा निवासी तुमडिया, थाना साडास (चित्तौड़गढ़) बताया।

तलाशी लेने पर आरोपी ने अपने दोनों पैरों पर प्लास्टिक की थैलियों में अफीम लपेटकर, ऊपर से पीले रंग की टेप लगाकर छिपा रखी थी। बरामद अफीम का कुल वजन 2 किलो 66 ग्राम पाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच गुलाबपुरा थानाधिकारी संजय गुर्जर को सौंपी गई है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।

कार्रवाई में डीएसटी के राकेश भंडारी सहित पुलिस टीम के अन्य जवानों की विशेष भूमिका रही।

### गौतम बुद्ध प्रतिमा स्थापना की मांग , दीपदान कर मनाया जन्मोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




कोली समाज विकास ट्रस्ट के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर एवं सांसद दामोदर अग्रवाल से इरास सर्किल पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने तथा सर्किल का नामकरण उनके नाम पर करने की मांग को लेकर शुक्रवार की मुलाकात की ।

प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि यह मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस दौरान इरास सर्किल पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर दीपदान कर भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में 'बुद्धम् शरणम् गच्छामि' के उच्चारण से आध्यात्मिक माहौल बना रहा। समाज के सचिव मुरलीधर ने बताया कि दीपदान कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जो समाज की एकता एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक है। कार्यक्रम में अध्यक्ष ओम प्रकाश सुनारिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र गैंडावध, मोती सिंह मंडिया, राकेश, देवलाल, सेवंटी लाल, हरि नारायण, कुंदन मल, सुरेश, बालू लाल बछापरिया, उस्ताद बुद्धि प्रकाश सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आसींद में अध्यापिका ललिता शर्मा को भावभीनी विदाई, 35 वर्षों की सेवा का हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दांतड़ा बांध स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका ललिता शर्मा को 35 वर्ष 2 माह की गौरवमयी सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्ति पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनके उत्कृष्ट योगदान को याद करते हुए सम्मान प्रकट किया।

ललिता शर्मा ने अपने सेवाकाल के दौरान शिक्षा विभाग में समर्पित भाव से कार्य करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से उन्होंने इस विद्यालय में करीब 8 वर्ष 10 माह तक अपनी सेवाएं दीं, जहां उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल की।

विदाई समारोह के दौरान ललिता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक और विद्यार्थियों का रिश्ता केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह एक परिवार जैसा होता है। विद्यालय में पढ़ने वाला हर बालक-बालिका एक परिवार का महत्वपूर्ण सदस्य होता है। जिस प्रकार परिवार में बच्चों का पालन-पोषण किया जाता है, उसी प्रकार शिक्षक को भी विद्यार्थियों को अपना मानकर उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना चाहिए, ताकि वे जीवन में आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन कर सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर जब विद्यार्थी उच्च पदों पर पहुंचते हैं तो इससे न केवल शिक्षक बल्कि गांव और विद्यालय का भी मान बढ़ता है। उनके इन विचारों ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया।इस अवसर पर आसींद के पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, भाजपा के वरिष्ठ नेता हरजी राम गुर्जर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक बाबूलाल मीणा, राधेश्याम शर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें बधाई पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए स्नेह भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता निभाई। पूरे समारोह का माहौल भावुकता और सम्मान से परिपूर्ण रहा, जहां सभी ने ललिता शर्मा के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# मीणा समाज शिव मंदिर धानेश्वर में धार्मिक अनुष्ठानों को लेकर किया गया झंडारोहण, भव्य महोत्सव का हुआ आगाज

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।



समस्त मीणा समाज चौखला समिति के तत्वावधान में शिव मंदिर धानेश्वर, फूलिया कलां में आगामी 18 मई से 25 मई तक आयोजित होने वाले भव्य यज्ञ, मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं विवाह सम्मेलन के धार्मिक अनुष्ठानों की विधिवत नीव शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार और हवन के साथ किया गया। इसके पश्चात विधिवत झंडारोहण कर धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया। मंदिर परिसर भक्ति भाव और वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर पंडित गोविन्द कृष्ण त्रिपाठी एवं पंडित मुकेश शर्मा के सानिध्य में सभी अनुष्ठान संपन्न हुए। झंडारोहण करते वक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने आगामी कलश यात्रा, यज्ञ, प्राण प्रतिष्ठा एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान आम चौखला मीणा समाज अध्यक्ष प्रेमचंद औराडा,उपाध्यक्ष गोपाल मोटीस,पूर्व प्रधानाचार्य रामप्रसाद धोधिंग,सुरेन्द्र मोटीस,पूर्व सरपंच मदन मीणा बडला,सोजीराम,महादेव, सुखदेव रामपुरा,दुर्गालाल, शंभूलाल,सत्यनारायण (भीमडावास) व शंकर सहित बड़ी संख्या में मीणा समाज के लोग मौजूद रहे।

# भक्ति में डूबा विजयपुर श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन उमड़ा जनसैलाब, कलश यात्रा ने बांधा समां





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचन्द पेसवानी



आज के भौतिकवादी दौर में जहां इंसान मोह-माया और सांसारिक सुखों में उलझकर अपने अनमोल जीवन को व्यर्थ गंवा रहा है, वहीं सच्चे मन से परमात्मा का स्मरण ही उसे वास्तविक आनंद की ओर ले जा सकता है। इसी भाव को जीवंत करते हुए विजयपुर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन वातावरण पूरी तरह भक्ति और आस्था से सराबोर नजर आया।

अरावली पर्वतमाला की सुरम्य वादियों के बीच नृसिंहद्वारा के समीप स्थित कृषि फार्म पर शुक्रवार से शुरू हुई इस सात दिवसीय कथा के प्रथम दिवस पर कथामर्मज्ञ संत दिग्विजय राम ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य सच्चे हृदय से परमपिता परमात्मा का नाम स्मरण करे, तो उसे अद्भुत परमानंद की प्राप्ति होती है। भागवत कथा को उन्होंने परमात्मा के मुखारविंद से निकला सर्वोत्तम ग्रंथ बताते हुए कहा कि इसके श्रवण मात्र से प्राणी का कल्याण संभव है।

संत दिग्विजय राम ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि जिस भूमि पर भागवत कथा की ज्ञान गंगा बहती है, वहां स्वयं गंगा मैया प्रकट होकर जीवों का उद्धार करती हैं। उन्होंने जीवन को सफल बनाने के लिए भक्ति मार्ग अपनाने, मन और तन के भोगों से दूरी रखने तथा प्राणी मात्र के प्रति दया और सेवा भाव रखने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने भागवत माहात्म्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कथा मनुष्य को जीवन जीने और मृत्यु को स्वीकार करने की सही दिशा सिखाती है।

कथा प्रारंभ से पहले विजयपुर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ नृसिंहद्वारा से शुरू हुई यह शोभायात्रा मुख्य मार्गों और बाजार से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा में सजी-धजी ग्रामीण महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगलगीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं बैंड-बाजों की मधुर धुनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। इस दौरान विभिन्न गांवों से आई प्रभात फेरियों का महासंगम भी देखने को मिला, जिसने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। मूंदड़ा परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए पेयजल, सुरक्षा, आवास और विद्युत रोशनी के विशेष इंतजाम किए गए हैं। परिवार के मुखिया बंशी लाल मूंदड़ा और दामोदर मूंदड़ा ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4रू30 बजे तक आयोजित होगी और इसका समापन 7 मई को होगा। कार्यक्रम में जौहर स्मृति संस्थान के अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह विजयपुर, प्रशासक श्यामलाल शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक और क्षेत्रभर से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे। पहले ही दिन उमड़ी आस्था की इस भीड़ ने यह साबित कर दिया कि आज भी लोगों के दिलों में भक्ति की ज्योति प्रज्वलित है, बस उसे जागृत करने के लिए ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों की आवश्यकता है।

# पीएफए संगठन पर्यावरण व वन्य जीव संरक्षण के लिए कर रही पुनीत कार्यः जिला कलेक्टर संधू

## पीएफए द्वारा प्रदेश में 40 हजार व भीलवाड़ा में 4100 परिंडों का निशुल्क वितरण का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने पीपुल फॉर एनिमल्स संस्था द्वारा गर्मी में पक्षियों की भूख प्यास शांत करने के उद्देश्य को लेकर मुखर्जी पार्क में पेड़ पर परिण्डे बांधकर दाना पानी डालते हुए मौजूद लोगों को मुख्य अतिथि के रूप में निशुल्क परिण्डे वितरित किये। संधू ने मौजूद लोगों को कहा कि गर्मियों में पक्षियों को दाना पानी डालना पुनीत कार्य है। पीएफए संगठन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि संस्था पर्यावरण व वन्य जीव संरक्षण के लिए पुनीत कार्य कर रही है। उन्होंने पक्षियों को दाना पानी देना पुण्य कार्य बताते हुए सभी को पक्षियों के लिए परिंडे बांधने की बात कही। संस्था के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि भीलवाड़ा में 4100 परिंडों का निशुल्क वितरण किया जाएगा। परिण्डे संस्था के मुकेश अजमेरा, नवरत्न बंब, अब्बास अली बोहरा, दिलीप गोयल, सुरेश सुराना एवं रामनिवास लढा से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। निशा जैन, चंदा सोनी, सुनीता मेहता, दिनेश माली, राजेंद्र शेखावत, राकेश सहारा, राजू चौधरी, राजकुमार माली सहित अनेक लोगों ने परिंडे प्राप्त कर दाना पानी डालने की जिम्मेदारी ली। जाजू ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से अनवरत परिंडे का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। पी एफ ए द्वारा प्रदेश के जयपुर, टोंक, सिरोही, बांसवाड़ा सहित 18 जिलों में 40 हजार परिंडों का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

# नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में गूंजे वैदिक मंत्र, विश्व शांति के लिए हुआ हवन, गाए भजन

## आगामी अधिक मास के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार, पूरे माह होंगे कार्यक्रम, 31 मई को होगा नौका विहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में बैसाखी पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में विश्व शांति और जनकल्याण की कामना को लेकर विशेष आहुतियां दी गईं। इसके बाद गायकों ने भगवान मिलेगा कभी ना कभी, सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया, लगन तुमसे लगा बैठे, मारा सांवरिया सिरमोर जैसे भजनों से रंग जमाया। बैसाखी पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः 8.00 बजे मंदिर प्रांगण में हवन-पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। पंडित प्रकाश शर्मा और पंडित दीपक पाराशर के सानिध्य में यजमान प्रहलाद त्रिपाठी सहित भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित कीं। इस दौरान पूरा वातावरण सांवरिया सेठ के जयकारों और मंत्रों की ध्वनि से धर्ममय हो गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि इस अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना करना है। मंदिर ट्रस्ट की ओर से आगामी अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) को लेकर भी व्यापक तैयारियां की गई हैं। आने वाले महीने में श्रद्धालुओं को भक्ति की त्रिवेणी में डुबकी लगाने का अवसर मिलेगा। ट्रस्ट द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधिक मास के उपलक्ष्य में 17 मई से मंदिर परिसर में नियमित हनुमान चालीसा का सामूहिक गान और दुर्गा सप्तशती के पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीमद्भागवत महापुराण के पठन का विशेष कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसमें विद्वान पंडितों द्वारा भगवान कृष्ण की लीलाओं का व्याख्यान किया जाएगा। अधिक मास के समापन के अवसर पर 31 मई को सांवरिया सेठ का विशेष नौका विहार मनोरथ आयोजित किया जाएगा। यह इस धार्मिक महोत्सव का मुख्य आकर्षण होगा। पूर्णिमा के अवसर पर सांवरिया सेठ के दर्शनों के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गई।

विशेष श्रृंगार के बाद भगवान के दर्शन पाकर भक्त निहाल हो उठे। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि आगामी आयोजनों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सांवरिया सेठ के प्रति अटूट आस्था रखने वाले भक्तों के लिए यह पूरा माह आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर रहने वाला है। ट्रस्ट ने सभी क्षेत्रवासियों और भक्तों से अधिक मास के इन कार्यक्रमों में सपरिवार सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

# मजदूर दिवस पर महिला श्रमिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**




**मूलचंद पेसवानी।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के तहत शहर में आमजन की सुविधा के लिए विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम (सीएपीपी) इकाई द्वारा समय-समय पर जनचेतना एवं सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शाहपुरा की रेगर बस्ती में महिला श्रमिकों के साथ जागरूकता एवं अनुभव साझा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें करीब 30 श्रमिकों ने भाग लिया। सीएपीपी इकाई के सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने श्रमिकों को श्रम के महत्व, उनके अधिकार एवं कर्तव्य, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्य के दौरान सुरक्षा, शिक्षा के महत्व, मौसमी बीमारियों से बचाव तथा महिला श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार के विकास कार्यों में श्रमिकों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है।

नगर पालिका के स्वच्छ भारत मिशन इंजीनियर प्रहलाद गुलपारिया ने सिटीजन फीडबैक की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों से फीडबैक देने की अपील की, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहर को बेहतर रैंक मिल सके।

कार्यक्रम में मोहम्मद मोहीन मंसूरी ने सहयोग प्रदान किया, वहीं बस्ती की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मातृकुंडिया में पंचमुखी महादेव मंदिर पर ध्वजा रोहण, गूंजे जयकारे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



वैशाखी पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखिल मेवाड़ राज माली समाज ट्रस्ट, मातृकुंडिया (रजि.) के तत्वावधान में प्रभु श्री पंचमुखी महादेव मंदिर पर भव्य ध्वजा रोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेवाड़ के हरिद्वार कहे जाने वाले मातृकुंडिया में स्थित राज माली समाज की सराय परिसर में बने इस मंदिर में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं महादेव के अभिषेक से हुई। इसके पश्चात शांति हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

शुभ मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर नई ध्वजा फहराई गई। इस दौरान पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' और 'पंचमुखी महादेव की जय' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।


ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट बी.एल. माली ने बताया कि आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव भगवान लाल माली (मालीखेड़ा), संगठन मंत्री रतन लाल माली (भेरूखेड़ा), नारायण लाल माली (पछमता), केशू लाल माली (मालीखेड़ा), शंकर लाल माली (पनोतिया) सहित ट्रस्ट के प्रबंधकारिणी सदस्य एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### सांसद दामोदर अग्रवाल ने डिजिटल माध्यम से अपना स्वयं-गणना प्रपत्र भरकर अपनी जिम्मेदारी निभाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



प्रदेश में शुक्रवार से जनगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस क्रम में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने डिजिटल माध्यम से अपना स्वयं-गणना प्रपत्र भरकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने आज डिजिटल माध्यम से अपना स्वम् गणना प्रपत्र भरकर सभी भीलवाड़ा वासियों से अपील कि की इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें, सही जानकारी प्रदान करें और जनगणना को सफल बनाने में सहयोग दें। अग्रवाल ने कहा कि आपकी सहभागिता ही देश के सशक्त और सुनियोजित विकास की नींव है। स्व गणना प्रपत्र भरकर जिम्मेदार व्यक्ति की भूमिका निभाये

### विष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, विधि-विधान से हुए अनुष्ठान

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



**जसवंत पारीक।** कस्बे में चल रहे विष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन प्रातः यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पंडितों द्वारा यज्ञ में भाग लेने वाले जोड़ों को मंडप प्रवेश करवाया गया तथा आवाहित देवताओं का विधिवत पूजन कराया गया।

इसके बाद अरणी मंथन द्वारा यज्ञ के लिए अग्नि स्थापना की गई और भगवान लक्ष्मीनाथ के पुरुष सूक्त तथा भगवान शंकर के रुद्र सूक्त के साथ हवन किया गया। यज्ञाचार्य भगवती प्रसाद शास्त्री ने बताया कि 30 अप्रैल से 8 मई तक चलने वाले इस महायज्ञ के तहत पूर्व में यज्ञशाला पर कलश स्थापना एवं हनुमान ध्वज आरोहण किया गया था। यज्ञ में 1100 आहुतियां अर्पित की गईं। महायज्ञ को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचकर यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। शाम के समय मेले जैसा माहौल रहता है, जहां लोग परिवार सहित पहुंचकर आनंद ले रहे हैं।

वहीं सायंकाल लक्ष्मीनाथ मंदिर चौक पर गोवत्सला ममता द्वारा नानी बाई का मायरा कथा का वाचन किया गया, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया जीव दया अभियान, बांधे परिंडे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राजेंद्र मार्ग स्थित विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (+2) इकाई द्वारा वैशाख पूर्णिमा एवं बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर जीव दया अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राध्यापक सत्येन्द्र माली ने प्रधानाचार्य के सानिध्य में किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर एवं सार्वजनिक स्थानों पर बेजुबान पक्षियों के लिए 'परिंडे' बांधे और मानवता का संदेश दिया। साथ ही स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से इन परिंडों में स्वच्छ जल एवं दाने की व्यवस्था करेंगे, ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत मिल सके।

प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गहलोत ने बताया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों में संवेदनशीलता विकसित करना है। बुद्ध पूर्णिमा पर किया गया यह कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि युवाओं को प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी का भी बोध कराता है।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों की छतों एवं आंगन में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य करें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राध्यापक राजेश कुमार शर्मा, सुरेन्द्र सिंह चौहान, प्रतिभा अग्रवाल, सपना चंदेरिया, ज्योति खटीक, प्रयोगशाला सहायक सियाराम मीणा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### मजदूर दिवस पर न्यूनतम वेतन बढ़ाने की उठी मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर ऊपरमाल पत्थर मजदूर संगठन द्वारा बन्नी के बालाजी परिसर, विक्रमपुरा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं बढ़ती महंगाई के अनुसार न्यूनतम वेतन में वृद्धि की मांग उठाना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के उपाध्यक्ष रामपाल प्रजापत ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजूलाल बंजारा, जीनू बंजारा, प्रभुलाल एवं रमेश चंद उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण श्रमिकों का जीवन यापन कठिन होता जा रहा है, ऐसे में न्यूनतम वेतन में समयानुसार बढ़ोतरी आवश्यक है। उन्होंने खनन श्रमिकों को उनके श्रम अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। आयोजन को सफल बनाने में सुरेश रेगर, कालू माली, दुर्गालाल, छितरलाल, फोरूलाल, रामचन्द्र, गोपाल सहित संगठन के अन्य सदस्यों तथा सूचना एवं रोजगार अधिकार अभियान से जुड़े रामस्वरूप भील का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर संगठन की ओर से श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों विशेष रूप से बढ़ती महंगाई के अनुरूप न्यूनतम वेतन में वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।


स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।